सान्ध्य हिन्दी दैनिक जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 158 | जौनपुर, रविवार, 26 जनवरी 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### अजित पवार ने वीएसआई की बैठक में भाग लिया

नई दिल्ली, (एजेंसी)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बृहस्पतिवार को 2023 में राकांपा के विभाजन के बाद पहली बार वसंतदादा चीनी संस्थान (वीएसआई) की वार्षिक आम सभा की बैठक में भाग लिया, लेकिन राकांपा (शरदचंद्र पवार) प्रमुख और संस्थान के अध्यक्ष शरद पवार से कुछ दूरी पर बैठे। अजित पवार पुणे स्थित वीएसआई के सदस्य हैं, जो चीनी उद्योग का एक प्रमुख अनुसंधान संस्थान है। प्रारंभिक व्यवस्था के अनुसार, दोनों को एक–दूसरे के बगल में बैठना था, लेकिन उपमुख्यमंत्री ने अपनी नेमप्लेट एक कुर्सी दूर कर दी, जिससे राज्य के सहकारिता मंत्री बाबासाहेब पाटिल उनके बीच बैठ गए। जब उपमुख्यमंत्री से ऐसा करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, "बाबासाहेब पवार साहब से बात करना चाहते थे। मैं उनसे (शरद पवार से) कभी भी बात कर सकता हूं। अगर मैं एक कुर्सी दूर भी बैठूं तो मेरी आवाज इतनी तेज होगी कि दूर बैठा कोई भी व्यक्ति सुन सकता है।" राकांपा प्रमुख ने शरद पवार और राकांपा विधायक दिलीप वल्से पाटिल सहित अन्य नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठक भी की।

### देश के आर्थिक, आध्यात्मिक विकास में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है – राष्ट्रपति

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य देश के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "उत्तर प्रदेश दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। देश के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक विकास में यह राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुझे विश्वास है कि यह प्रदेश समग्र विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा। मैं उत्तर प्रदेश के मेहनती और प्रतिभाशाली निवासियों की निरंतर प्रगति और सुख–समृद्धि की मंगल कामना करती हूं।'

### एनडीए सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को दिया भारत रत्न

पटना। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जनसंघ के समय से भाजपा ने पिछड़े–अतिपिछड़े समाज को आरक्षण देने के कर्पूरी ठाकुर के फैसले का समर्थन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जननायक को भारतरत्न प्रदान कर उनका सम्मान किया। कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती पर कल उनके गांव में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने से पहले चौधरी ने कहा कि 1978 में कर्पूरी ठाकुर की सरकार ने अतिपिछड़ों को 12 प्रतिशत, पिछड़ों को 8 प्रतिशत आरक्षण दिया था । उस समय सरकार में शामिल जनसंघ ( अब भाजपा ) के कद्दावर नेता कैलाशपति मिश्र ने कर्पूरी जी का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि आरक्षण पर जननायक के काम का श्रेय लूटने की कोशिश करने वाले लालू प्रसाद ने 15 साल के शासन में बिना आरक्षण दिये। पंचायत चुनाव कराये थे।

## माफिया और डकैतों को बड़े पद देती थी सपा हम उन्हें जहन्नुम भेजते हैं : सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के मिल्कीपुर के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। सीएम योगी जैसे ही मंच पर पहुंचे जय श्रीराम के नारे लगे। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण का प्रारंभ महाकुंभ का जिक्र कर किया। कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि यह महाकुंभ 144 साल बाद हो रहा है। दो दिन पहले यूपी सरकार की पूरी कैबिनेट और मैंने खुद महाकुंभ में स्नान का सौभाग्य प्राप्त किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बीते 10 दिन में महाकुंभ में 10 करोड़ लोगों ने बिना किसी भेदभाव के स्नान किया। देश में जातिवाद को परिवारवादियों ने सत्ता बचाये रखने के लिए बढ़ावा दिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं वहीं, दूसरी तरफ सपा के लोग महाकुंभ के बारे में दुष्प्रचार कर जनता की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इन लोगों ने एक साल पहले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भी विरोध किया था। ये वही सपा के लोग हैं जिन्होंने सरयू के जल को रामभक्तों के खून से लाल कर दिया था। ये परिवारवादी लोग जातिवाद के नाम पर समाज को तोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में परिवारवाद नहीं विकासवाद और राष्ट्रवाद है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मिल्कीपुर में विकास की उपलब्धियों को आगे पहुंचाना है। इसके लिए जरूरी है कि यहां के सपूत चंद्रभानु पासवान को जिताकर भेजें जिससे विकास का लाभ



जन–जन को मिले। कुमारगंज का कृषि विश्वविद्यालय आचार्य नरेंद्र देव जी के नाम पर है और एक और विश्वविद्यालय का निर्माण हो रहा है। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। उन्होंने कहा कि आज भी इस इलाके का नाम हैरिंगटनगंज है। यहां का नाम किसी स्वामी रामदेव के नाम पर या फिर विष्णु नगर क्यों नहीं हो सकता है। हम गुलामी की मानसिकता लेकर कब तक आगे बढ़ते रहेंगे। हम तो राम की परंपरा पर विश्वास करने वाले हैं। हम कृष्ण की परंपरा पर विश्वास करने वाले हैं। हम बाबा विश्वनाथ और में सरयू मैया पर विश्वास करने वाले लोग हैं। सपा का वश चलता तो अयोध्या नाम को भी खत्म कर दिया जाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने से पहले जनसभा स्थल पर प्रदेश सरकार के कई मंत्री, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, चिकित्सा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, आयुष राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा, खेल राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और एमएलसी धर्मेंद्र सिंह मंच पर पहुंच गए। सपा के शासनकाल में सड़क पर नहीं निकलती थीं बेटियां मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा की सरकार में कानून का राज स्थापित हुआ है। लोग सुरक्षित महसूस करते हैं। व्यापारी सुरक्षित महसूस करते हैं। सपा की सरकार में बेटियां सड़क पर नहीं निकल सकती थीं। व्यापारियों को लूट लिया जाता था। लोगों की संपत्ति पर भूमाफिया कब्जा कर लेते थे और जो जितना बड़ा डकैत उसे उतना बड़ा ओहदा दिया जाता था पर अब माफियाओं को जहन्नुम भेजा जा रहा है। अयोध्या का विकास हो रहा है। आज अयोध्या के लोग दुनिया में कहीं पर भी जाते हैं तो उनका सम्मान किया जाता है। सपा की सरकार में राम की पैड़ी पर जल सड़ता रहता था पर अब लाखों लोग आकर वहां पर डुबकी लगा रहे हैं। अयोध्या को पुराना गौरव प्राप्त हो रहा है। अधिसूचना जारी होने के बाद योगी की विधानसभा क्षेत्र में यह पहली सभा है। बृहस्पतिवार को प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर व जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रैली स्थल का निरीक्षण किया। दोनों मंत्रियों ने टेंट, पार्किंग, लोगों के बैठने की व्यवस्था, आवागमन मार्ग, पेयजल, हेलीपैड, मंच की साज सज्जा को भी परखा। सहकारिता मंत्री ने बताया कि उपचुनाव में लगे सभी प्रभारी मंत्री लगातार मंडल व शक्ति केंद्रों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। हर बूथ से जनसभा में सहभागिता का प्रयास किया जा रहा है। जलशक्ति मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री की सभा को ऐतिहासिक बनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## दिल्ली के चुनावी दंगल में शनिवार को होगी अमित शाह की एंट्री, पहले दिन 2 रैली और एक रोड शो



नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फरवरी की शुरुआत में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले प्रचार गतिविधियों के तहत शनिवार, 25 जनवरी को दिल्ली में सार्वजनिक सभाएं और रोड शो करेंगे। शाह के यात्रा कार्यक्रम में शहर के महत्वपूर्ण स्थानों पर दो सार्वजनिक सभाएं और एक रोड शो शामिल है। 5 फरवरी को 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। 8 फरवरी तो नतीजे आएंगे। भाजपा राजधानी में अपनी पूरी ताकत लगा रही है। उसके सीधा मुकाबला आम आदमी पार्टी से है। बताया जा रहा है कि शनिवार को शाह की सार्वजनिक सभाएं राजौरी गार्डन और त्रिनगर विधानसभा क्षेत्रों में होने वाली हैं, जबकि रोड शो आदर्श नगर इलाके में होगा। प्रारंभिक सार्वजनिक सभा दोपहर के समय राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित है, जहां शाह स्थानीय लोगों और पार्टी सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण मामलों और विकासात्मक योजनाओं के बारे में संवाद करेंगे। इसके बाद, मंत्री आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में केवल पार्क से रामलीला मैदान तक एक रोड शो में शामिल होंगे। उम्मीद है कि जुलूस में पर्याप्त सार्वजनिक उपस्थिति होगी, जो शाह की सामुदायिक सहभागिता पहलों को प्रदर्शित करेगा। दिन की गतिविधियां त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र में स्थित नेताजी सुभाष पैलेस के डीडीए पार्क में शाम के लिए नियोजित दूसरी सार्वजनिक सभा के साथ समाप्त होंगी।

## आम आदमी पार्टी ने तोड़ दिए भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड : जेपी नड्डा

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को उत्तम नगर में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी को श्आपश्दा संबोधित करते हुए शराब घोटाला, दवा घोटाला, पैनिक बटन घोटाला, राशन कार्ड घोटाला समेत कई घोटाले गिनाए। जेपी नड्डा ने कहा, ष्मैं आज यहां जो जोश, उमंग और उत्साह देख रहा हूं, उससे यह स्पष्ट है कि आपने कमल खिलाने का संकल्प ले लिया है। इसके साथ ही आपने आम आदमी पार्टी को उखाड़ फेंकने का भी संकल्प।

## प्रियंका गांधी 26 जनवरी से कर सकती हैं प्रचार अभियान की शुरुआत

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा 26 जनवरी से दिल्ली में चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत कर सकती हैं। कांग्रेस के अभियान प्रबंधन से जुड़े एक वरिष्ठ नेता ने उम्मीद जताई कि प्रियंका गांधी रविवार 26 जनवरी की शाम को उत्तर–पूर्वी दिल्ली में अपनी पहली रैली को संबोधित कर सकती हैं। सभी कांग्रेस उम्मीदवारों ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) से अनुरोध किया है कि प्रियंका उनकी सीट पर प्रचार करें। हालांकि, वह केवल महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेंगी। कांग्रेस ने चुनाव से पहले लोगों से पांच वादे किए हैं, जिनमें प्यारी दीदी योजना के तहत महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह, दिल्ली के सभी निवासियों के लिए 25 लाख रुपये का आजीवन स्वास्थ्य बीमा, शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एक साल के लिए अपने रोजगार कौशल विकसित करने के लिए 8,500 रुपये प्रति माह वजीफा, 500 रुपये में सब्सिडी वाली रसोई गैस, मुफ्त राशन किट और 300 यूनिट मुफ्त बिजली शामिल हैं। 2015 और 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में शून्य सीटें पाने के बाद पार्टी दिल्ली में वापसी करना चाह रही है, क्योंकि पिछले दो चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी। वहीं, गुरुवार को राहुल गांधी ने उत्तर–पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद में अपनी रैली रद्द कर दी, जिससे चुनाव प्रचार में उनकी उपलब्धता को लेकर संशय बरकरार है। राहुल गांधी हाल ही में अस्वस्थ होने के कारण कुछ कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो पाए थे, जिनमें दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में उनका प्रस्तावित कार्यक्रम भी शामिल था। इससे पहले



सांसद राहुल गांधी बुधवार को सदर बाजार निर्वाचन क्षेत्र के इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर एक रैली को संबोधित करने वाले थे, लेकिन खराब सेहत के कारण रैली में शामिल नहीं हो पाए।

## महाराष्ट्र को जल्द ही तीसरा उपमुख्यमंत्री मिलेगा – शिंदे गुट

मुंबई, (एजेंसी)। शिवसेना (उद्धव बाला साहब ठाकरे) नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र की सियासत को लेकर बड़ा दावा किया है। राउत ने शुक्रवार को शिवसेना प्रमुख और



उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कटाक्ष किया। उन्होंने शिंदे गुट में दरार का दावा करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में शिवसेना से तीसरा उपमुख्यमंत्री होगा। राज्यसभा सांसद ने कहा कि पर्दे के पीछे की गतिविधियां ऐसी हैं कि भविष्य में राज्य में तीन उपमुख्यमंत्री हो सकते हैं। उन्होंने कहा, श्किसी को भी एकनाथ शिंदे को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। वह उपमुख्यमंत्री हैं। वह कल मुख्यमंत्री थे। वह कल नहीं होंगे, क्योंकि महाराष्ट्र को उसी पार्टी से तीसरा उपमुख्यमंत्री मिल रहा है। उन्हें इस बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने भाजपा का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि शिंदे महाराष्ट्र के दुश्मनों की सेवा कर रहे हैं। राउत की टिप्पणी कुछ दिनों पहले उनके इस दावे के बाद आई है कि उद्योग मंत्री उदय सामंत शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को दोफाड़ कर सकते हैं, क्योंकि उनके पास 20 विधायकों का समर्थन है। उन्होंने कहा था कि जब पिछले साल नवंबर में राज्य चुनावों के बाद शिंदे सीएम पद से इनकार किए जाने से नाराज थे, तब सामंत को उपमुख्यमंत्री के तौर पर पेश करने की योजना थी। हालांकि, सामंत ने पार्टी प्रमुख शिंदे के साथ किसी भी तरह के मतभेद से इनकार किया। उन्होंने कहा कि उनके बीच दरार पैदा करने की कोशिश की जा रही है। उद्धव ठाकरे के गुट को कमजोर बताए जाने से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि एकसा आरोप लगाने वाले अपनी चिंता करें। वे डर की वजह से सत्ता पक्ष का साथ दे रहे हैं। वे दिल्ली के इशारे पर काम कर रहे हैं। सत्ता आती–जाती रहती है, लेकिन हम यहां मजबूती से खड़े हैं। इससे पहले संजय राउत ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था, श्मेरे मन में संदेह है कि 2026 के बाद केंद्र सरकार बचेगी या नहीं? मुझे लगता है कि मोदी अपना कार्यकाल पूरा नहीं करेंगे और एक बार केंद्र सरकार अस्थिर हो गई तो इसका असर महाराष्ट्र पर भी पड़ेगा।श संजय राउत ने संवाददाताओं से बात करते हुए उन अटकलों को खारिज कर दिया था कि नवंबर 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद शिवसेना (यूबीटी) के कुछ नेता पार्टी छोड़ सकते हैं। दरअसल, वे शिवसेना (यूबीटी) के राजापुर के पूर्व विधायक राजन साल्वी के उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी छोड़ने की चर्चा पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। पिछले साल हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (छक।) ने 543 सदस्यीय सदन में 272 के बहुमत के आंकड़े से ऊपर 293 सीटें जीती थीं। हालांकि, पिछले दो कार्यकालों के मुकाबले भाजपा अपने दम पर बहुमत से काफी दूर रह गई। राउत ने दावा किया था कि मुझे संदेह है कि केंद्र में सरकार 2026 तक टिक पाएगी या नहीं। मोदी अपना कार्यकाल पूरा नहीं करेंगे और जब ऐसा होगा, तो न केवल महाराष्ट्र में बल्कि अन्य जगहों (राज्यों) में भी बदलाव होंगे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) का प्रदर्शन अच्छा नहीं था। पार्टी 36 सीटों पर चुनाव लड़ी, लेकिन उन्हें केवल 10 पर ही जीत मिली। भाजपा 132 से ज्यादा सीटें जीती। वहीं अगर भाजपा नीत महायुति के घटक दलों की बात करें तो एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 57 और अजित पवार की राकांपा 41 सीटें जीतने में कामयाब रही।

## प्रशांत किशोर राजनीतिक व्यक्ति नहीं, व्यापारी हैं : जीतन राम मांझी

पटना, (एजेंसी)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि सही अर्थ में वे राजनीतिक व्यक्ति नहीं हैं, वे व्यापारी हैं, जो पैसा लेकर बूथ मैनेजमेंट करते हैं। पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से प्रशांत किशोर के विधानसभा की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने के फैसले को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, ष्चुनाव लड़ने से कोई किसी को नहीं रोकता है। हाल ही में उपचुनाव हुआ, कितना वोट आया, कितनी सीट मिली? वह अपना भाग्य आजमा रहे हैं। लोकतंत्र है, कोई भी चुनाव लड़ सकता है।ष उन्होंने आगे कहा कि हम लोग उनको राजनीतिक व्यक्ति ही नहीं समझते हैं। वे नेता नहीं, व्यापारी हैं। पैसा लेकर बूथ मैनेज करते हैं। इससे पहले, जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बीमार बताया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, उनका हेल्थ बुलेटिन जारी किया जाना चाहिए। इस बयान पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि प्रशांत किशोर खुद मानसिक रूप से बीमार हैं, उनके अंदर पैसे की गर्मी है। इधर–उधर से उन्होंने बहुत पैसा कमा लिया है, जिसकी वजह से इतना उछल रहे हैं। हाल ही में विधानसभा की चार सीटों पर हुए ।

समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



जग प्रसाद वर्मा

भाजपा पीपर गांव मंडल अध्यक्ष
वलीपुर, सुलतानपुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रमोद कुमार

ग्राम प्रधान
सलखापुर, वि.ख.
सिरकोनी, जनपद–जौनपुर

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र 'देश की उपासना परिवार' की ओर से सभी जौनपुर जनपदवासियों एवं प्रदेश वासियों तथा देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

DKU LIVE
सब पर नज़र, सबकी ख़बर

सम्पादक

## संपादकीय

# मुफ्त का चंदन

यह विडंबना है कि आजादी की हीरक जयंती मना चुके देश में मतदाता को हम इतना जागरूक नहीं बना पाए कि वो अपने विवेक से मतदान कर सके। निस्संदेह, यदि देश में गरीबी और आर्थिक असमानता है तो हमारे नीति–नियंताओं की विफलता ही है। लेकिन हम में कम से कम इतना राष्ट्र प्रेम तो होना चाहिए कि निहित स्वार्थों के लिये हम राष्ट्रीय हितों की बलि न चढ़ाएं। दिल्ली के चुनाव में मुफ्त–मुफ्त का जो खेल विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान चल रहा है, उसके जनक विभिन्न राज्यों में कई राजनेता भी रहे हैं। लेकिन फिलहाल दिल्ली में केजरीवाल की चर्चा ज्यादा है। वे नित नये राजनीतिक प्रलोभन देकर मतदाताओं को अपने पाले में लाने के प्रयास में जुटे हैं। विडंबना यह है कि कुछ समय पहले तक भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी मुफ्त की रेवड़ियां बांटने को राष्ट्रीय हितों के लिये घातक बताता था, वही भाजपा केजरीवाल को उसी की मुफ्त वाली नीतियों से मात देने के लिये चुनावी मैदान में उतरी है। दरअसल पिछले आम चुनाव में चार सौ पार के अरमानों को झटका लगने के बाद भाजपा भी मुफ्त के खेल में उलझ गई है। दौड़ में अब कांग्रेस भी उतर गई है। विडंबना यह है कि जो पैसा दीर्घकालिक विकास कार्यों में लगाया जाना चाहिए था, वह मुफ्त के फेर में फंस गया है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जिस भी महकमे ने मुफ्त में सेवाएं देनी शुरू की, उसका भट्ठा ही बैठा है। अब चाहे मुफ्त की बिजली हो, पानी हो या फिर बस सेवा। कमोबेश, यही हाल भारतीय रेलवे का भी है, जो राजनेताओं के किराये बढ़ाने के विरोध के बाद खुद को संभाल नहीं पा रही है। बड़ा तंत्र होने के बावजूद उसके सुरक्षातंत्र को मजबूत बनाने के लिये पर्याप्त लाभ नहीं कमाया जा सका। विडंबना यह भी है कि तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और दूरदर्शी राजनेताओं के अभाव में विकास की रोशनी हर घर तक नहीं पहुंची। लेकिन इसका समाधान मुफ्त के खेल में कदापि नहीं है। निस्संदेह, मुफ्त की नीति लोगों को अकर्मण्य बनाती है। जरूरी था कि लोगों को इतना सक्षम बनाया जाता कि उन्हें स्थायी रोजगार का अवसर मिलता। फिर उन्हें मुफ्त मांगने की जरूरत ही नहीं होती। विडंबना यह है कि हमारे परिवार–समाज की धुरी मानी जाने वाली महिलाओं को प्रलोभन देने का खेल राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हो गया है। पहले ये शुरुआत मध्यप्रदेश से हुई। फिर महाराष्ट्र में बहनों के लिये आर्थिक प्रोत्साहन राशि गेम चेंजर साबित हुई। अब वही कवायद दिल्ली के विधानसभा चुनाव में देखी जा रही है। दिल्ली की आप सरकार ने पहले मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत एक हजार रुपये की राशि पात्र महिलाओं को बांटी। अबकी बार आप ने यह राशि बढ़ाकर 2,100 करने की घोषणा की है। इसी तर्ज पर भाजपा महिला समृद्धि योजना लेकर आई है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को 2,500 रुपये सत्ता में आने पर दिये जाने का वायदा है। इस मुफ्त के खेल में अब कांग्रेस भी उतर गई है, जिसने सभी पात्र महिलाओं को 2,500 मासिक देने की घोषणा की है। भाजपा व कांग्रेस को लगता है कि आप की मुफ्त की राजनीति को मुफ्त के दांव से ही शिकस्त दी जा सकती है। निस्संदेह, हमारी आधी दुनिया की अर्थव्यवस्था में वह भूमिका तय नहीं हो पायी, जो 21वीं सदी में होनी चाहिए थी। हमारे वंचित समाज की महिलाओं को आर्थिक आजादी दिया जाना तार्किक पहल है। लेकिन उन्हें स्वावलंबी बनाने की जरूरत है न कि याचक के रूप में मुफ्त की आर्थिक सहायता देने की। इससे न केवल सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ता है बल्कि मुफ्त की लत भी बढ़ती है। अर्थशास्त्रियों की राय से सहमत हुआ जा सकता है कि प्रतिस्पर्धी लोकलुभावनवाद राजकोषीय स्वास्थ्य के लिये खतरनाक है। जो कालांतर दीर्घकालीन विकास के लिये घातक साबित हो सकता है। निश्चित रूप से भारत के चुनाव आयोग को इस गंभीर मुद्दे पर पहल कर चुनावी प्रक्रिया की शुचिता को बनाने और राजकोषीय स्वास्थ्य की रक्षा की दिशा में पहल करनी चाहिए। सही मायनो में मुफ्तखोरी की संस्कृति भारतीय लोकतंत्र का मजाक ही है।

# हर बेटी के सपनों को उड़ान देने का दिन

प्रो. आर.के.

बालिकाओं के सपनों को पंख देने के लिए, एक नई ऊर्जा के साथ हर वर्ष 24 जनवरी को मनाया जाता है राष्ट्रीय बालिका दिवस। यह दिन समाज को याद दिलाता है कि बालिकाएं न केवल भविष्य की निर्माता हैं, बल्कि वर्तमान की शक्ति भी हैं। उनके अधिकारों और सशक्तीकरण की ओर उठाए गए कदमों को स्मरण करते हुए, हमें सुनिश्चित करना होगा कि वे हर क्षेत्र में अपना पूर्ण विकास कर सकें। वर्ष 2025 की थीम 'सपनों की उड़ान रू बालिकाओं के लिए नए आयाम' इंगित करती है कि अब समय आ गया है जब हम बालिकाओं को उनके सपनों की ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक मंच और अवसर प्रदान करें।

राष्ट्रीय बालिका दिवस का गौरवशाली इतिहास हमें 2008 की ओर ले जाता है, जब महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इसे पहली बार मनाने का साहसिक कदम उठाया। 24 जनवरी को इस दिन को मनाने का निर्णय इसलिए हुआ क्योंकि इसी दिन 1966 में इंदिरा गांधी ने भारत की पहली महिला प्रध ाानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। यह दिन नारी शक्ति का सम्मान और उनकी असीम संभावनाओं को मान्यता देने का प्रतीक बन गया है। इंदिरा गांधी का नेतृत्व यह साबित करता है कि महिलाएं, जब उन्हें सही अवसर मिले, तो वे हर क्षेत्र में विजय पताका फहरा सकती हैं। आज भी, बालिकाओं की स्थिति में परिवर्तन देखने को मिला है, लेकिन चुनौतियां अभी भी हिम्मत के साथ खड़ी हैं। बाल विवाह, लिंग भेदभाव और शिक्षा में असमानता जैसी समस्याएं देश के अनेक कोनों में अपनी जड़ें मजबूती से जमाए हुए हैं। इन कठिनाइयों से मुकाबला करने के लिए सरकारी योजनाओं के साथ–साथ समाज के सामूहिक संकल्प का विशेष महत्व है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों ने बालिकाओं की शिक्षा की अहमियत को जन–जन तक पहुंचाया है और उनके अधिकारों के प्रति सचेतनता बढ़ाई है। ये प्रयास हमें याद दिलाते हैं कि बालिकाओं को सशक्त बनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है, जिससे एक समतामूलक और शिक्षित समाज की नींव रखी जा सके।

बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए देश के अनेक क्षेत्रों में जोरदार प्रयास हो रहे हैं। शिक्षा के साथ–साथ खेल, विज्ञान, और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चल रहे हैं। इन प्रयासों के फलस्वरूप, कई बालिकाएं खेल, विज्ञान और कला में अद्भुत सफलताएं हासिल कर रही हैं, जो उनके लिए नए अवसरों की सीढ़ियां खोल रही हैं। वर्ष 2025 की थीम 'सपनों की उड़ान' हमें स्मरण कराती है कि केवल अवसर देना ही पर्याप्त नहीं हैय हमें ऐसा वातावरण भी निर्मित करना होगा जहां बालिकाएं अपने विचारों और क्षमताओं को निर्भीकता से व्यक्त कर सकें। ऐसा माहौल उन्हें आत्मनिर्भर बनने और अपने जीवन की दिशा स्वयं चुनने का अधिकार देता है। आज के समाज में बदलाव की तेज हवा बह रही है। बालिकाओं के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के अवसरों में विस्तार हुआ है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित के क्षेत्रों में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन पहलों से यह स्पष्ट होता है कि बालिकाएं हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ सकती हैं, बस जरूरत है उन्हें सही समर्थन और मार्गदर्शन की। मगर, यह भी सच है कि बालिकाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा जैसी समस्याओं से निपटना समाज के प्रत्येक सदस्य की जिम्मेदारी है। जब तक हम इन चुनौतियों से मिलकर नहीं लड़ेंगे, तब तक बालिकाओं के सशक्तीकरण का स्वप्न



अधूरा ही रहेगा। दरअसल, राष्ट्रीय बालिका दिवस हमें एक ऐसा संकल्प लेने का मौका देता है जहां हर बालिका अपने सपनों को पंख लगाकर उड़ान भर सके, आजादी और सुरक्षा के साथ। इस दिन का महत्व महज उत्सव मनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें बालिकाओं के लिए एक उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है। बालिकाओं की उड़ान को सही दिशा देने के लिए हमें अपना योगदान देना होगा, ताकि उनका हर सपना हकीकत बन सके। जब बालिकाएं अपने आत्मविश्वास और प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती हैं। उनकी सपनों की उड़ान समाज की प्रगति की ओर एक बड़ा कदम है, जो हमें याद दिलाती है कि जब एक बालिका सशक्त होती है, तो पूरा समाज सशक्त होता है। राष्ट्रीय बालिका दिवस हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है, जो हमें बालिकाओं को उनके सपनों की ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करने का मौका देता है। इस दिन, हम शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समानता के क्षेत्रों में प्रगति के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लेते हैं। हमारा उद्देश्य एक ऐसा समाज बनाना है, जहां हर बालिका सुरक्षित महसूस करे, जहां उनकी प्रतिभा का सम्मान हो, और जहां वे सशक्त होकर अपने सपनों की राह पर निर्भीकता से चल सकें। इसके लिए हमें एक ऐसा वातावरण बनाना होगा, जिसमें बालिकाएं अपने विचारों और क्षमताओं को निर्भीकता से व्यक्त कर सकें, चाहे वह खेल, कला, विज्ञान या अन्य कोई क्षेत्र हो। केवल इसी प्रकार का वातावरण उनके सपनों को साकार करने की दिशा में सार्थक योगदान दे सकता है। इसके अलावा, हमें उन्हें वह समर्थन और संसाधन प्रदान करने होंगे, जो उनके भविष्य को संवारने के लिए आवश्यक हैं। बाल विवाह, शिक्षा में असमानता और लिंग भेदभाव जैसी बाधाओं को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। इस प्रकार, राष्ट्रीय बालिका दिवस हमें यह याद दिलाता है कि समाज की प्रगति के लिए बालिकाओं का सशक्तीकरण और उनके सपनों की उड़ान उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना कि हमारे सामूहिक प्रयास।

# शुष्क भूमि विस्तार से उपजा मानवीय संकट

मुकुल व्यास

हाल के दशकों में पृथ्वी की तीन–चौथाई से अधिक भूमि स्थायी रूप से शुष्क हो गई है। जलवायु संकट के प्रभावों से जूझ रही दुनिया के लिए शुष्क भूमि का विस्तार होना नई चिंता पैदा करता है। मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन द्वारा जारी की गई रिपोर्ट से पता चलता है कि 2020 तक के तीन दशकों में पृथ्वी की लगभग 77.6 प्रतिशत भूमि ने पिछले 30 साल की अवधि की तुलना में शुष्क परिस्थितियों का अनुभव किया। उन्हीं तीन दशकों में, शुष्क भूमि का विस्तार लगभग 43 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में हुआ जो अंटार्कटिका को छोड़कर पृथ्वी की सभी भूमि का 40.6 प्रतिशत हिस्सा है। इस समय सीमा के भीतर, वैश्विक भूमि का लगभग 7.6 प्रतिशत क्षेत्र शुष्कता की सीमा को पार कर गया। अधिकांश आर्द्र भू–भाग शुष्क भूमि में परिवर्तित हो गए, जिससे कृषि, पारिस्थितिकी तंत्र और उन पर निर्भर लोगों पर गहरा असर पड़ा। वैज्ञानिकों का कहना है कि यदि दुनिया ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर अंकुश नहीं लगाती है, तो इस सदी के अंत तक आज के आर्द्र क्षेत्रों का 3 प्रतिशत अतिरिक्त क्षेत्र शुष्क भूमि में परिवर्तित हो जाएगा। वैज्ञानिकों की नई रिपोर्ट वैश्विक शुष्कता रुझान तथा भविष्य के अनुमान के बारे में सऊदी अरब के रियाद में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में प्रस्तुत की गई। यह अब तक का सबसे बड़ा संयुक्त राष्ट्र भूमि सम्मेलन था। पश्चिम एशिया में यह पहली बैठक थी। यह एक ऐसा क्षेत्र है जो शुष्कता के प्रभावों से व्यापक रूप से प्रभावित है।


समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



इं अरुण सिंह राणा
अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई विभाग
जौनपुर
उत्तर प्रदेश

समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



ई. सुधीर कुमार सिंह
सहायक अभियंता यांत्रिक
सिंचाई विभाग
जौनपुर

समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



मेसर्स अगवाल एंटरप्राइजेज
वाराणसी, उत्तर प्रदेश
प्रथम श्रेणी, कान्टेक्टर

समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



इं कन्हैया लाल
सहायक अभियंता,यांत्रिक
सिंचाई विभाग
जौनपुर

समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



इंजीनियर जय प्रकाश
सहायक अभियंता,यांत्रिक
सिंचाई विभाग
जौनपुर

समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



आर. पी. सिंह
प्रोपराइटर मेसर्स ए.जी इंटरप्राइजेज,
वाराणसी,
उत्तर प्रदेश

समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



इं अनिल कुमार यादव
सहायक अभियंता यांत्रिक
सिंचाई विभाग
जौनपुर

समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



विजय सिंह
मेसर्स वी. के. कंस्ट्रक्शन
सुल्तानपुर,
उत्तर प्रदेश

# प्रदेश की संस्कृति सबको एक साथ चलने की देती है प्रेरणा- प्रो. मनोज मिश्र



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में स्थापति हेरिटेज गैलरी का विद्यार्थियों ने भ्रमण किया, और प्रदेश की संस्कृति और विरासत से परिचित हुए. उत्तर प्रदेश दिवस की इस वर्ष थीम षविकास व विरासतरू प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेशष पर है जिसके क्रम में प्रदेशमें तीन दिवसीय विविध कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकायके अध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र ने विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश की विविध संस्कृति से परिचय कराया और हेरिटेज गैलरी में लगी कलाकृतियों से संबंधित जानकारी दी.उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश की संस्कृति सबको एक साथ चलने की प्रेरणा देती है।आदिकाल से हमारा राज्य भारतीय संस्कृति के विविध पहलुओं का प्रतिनिधित्व करता रहा है. उन्होंने कहा कि हमें अपनी लोक संस्कृति जिन्दा रहे यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. इसी धरती ने सत्य, अहिंसा और मानव प्रेमकी शिक्षा दी है. हम कभी इससे उऋण नहीं हो सकते है.

जनसंचार विभाग के शिक्षक डॉ सुनील कुमार ने कहाकि उत्तर प्रदेश की विरासत भारतीय इतिहास, कला, संस्कृति और धर्म का आभूषण मानी जाती है. यह राज्य भारतीय सभ्यता के कई महत्वपूर्ण चरणों का साक्षी रहा है और यहाँ की धरोहर विश्वभर में प्रसिद्ध है. संयोजन नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजयसिंह राठौर ने किया. इस अवसर डॉ. चंदन सिंह, डॉ अमित मिश्र, अर्पित यादव,आनंद सिंह, डॉ. विद्युत मल्ल, पंकज सिंह समेत शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे.

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना : मंगला प्रसाद सिंह

हरदोइ। आज 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर वेणीमाधव इंटर कॉलेज के प्रांगण में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह ने जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह और अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का औपचारिक उदघाटन जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर व सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। एसडीएम सदर ने स्वीप आइकन अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पूनम तिवारी को पुष्प गुच्छ भेंट किया। वेणी माधव इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस पर अपने सम्बोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की ऊर्जा को देखकर उनको बहुत खुुशी हो रही है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य मतदाओं को जागरूक करना है जिससे सभी मतदाता मतदान के दिन वोट कर सकें और लोकतंत्र को मजबूत कर सकें। 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग का गठन हुआ था। वर्ष 2011 को पहली बार राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया था। लोकतंत्र में मतदाता सबसे महत्वपूर्ण होता है। नये पात्र वर्ष में चार बार अपना नाम मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों ही तरीकों से आवेदन किया जा सकता है। मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 व मृतक का नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 भरा जाता है। सभी लोग स्वयं भी वोट करें व अपने परिवार को भी मतदान केन्द्र तक लेकर जाएं। बच्चे अपने माता–पिता व परिवार के अन्य लोगों को प्रेरित करें। मतदान के केंद्रों तक अब अपने वाहन से भी जा सकते हैं। मतदान के दौरान अब कोई असुविधा नहीं होती है। मतदाता पर्ची के माध्यम से वोट देख सकते हैं। ईवीएम के बारे में किसी को भ्रम नहीं रखना चाहिए। वोटर्स हेल्पलाइन ऐप के बारे में बताते हुए कहा कि इससे हम वोटर लिस्ट व बूथ के बारे में जानकारी ले सकते हैं। अन्त में उन्होंने गणतंत्र दिवस की सुभकामनाये दीं। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने कहा कि हमें मतदान के माध्यम से लोकतंत्र की अहमियत बना कर रखनी है जिसके लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने संघर्ष किया। स्वयं के कल्याण के लिए हमें मतदान से चूकना नहीं चाहिए। अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने विस्तार से चुनाव प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य है। सभी युवाओं को बढ़ चढ़कर मतदान करना चाहिए। सभी नागरिकों को बिना भेदभाव के वोट का अधिकार है। गणतंत्र के लिए सबसे महत्वपूर्ण निष्पक्ष निर्वाचन है। स्वीप आइकन पूनम तिवारी ने कहा कि 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी लोगों को वोट बनवाना है। सभी वोटर मतदान अवश्य करें व अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने वृद्ध व दिव्यांग मतदाताओं को सम्मानित किया। कक्षा 10 की छात्रा दिव्यांशी वर्मा ने मतदान पर आधारित कविता प्रस्तुत करते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें अच्छे प्रतिनिधि को चुनने का अधिकार देता है। मतदाता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक ने कार्यक्रम में समा बाँध दिया। छात्रा आनंदी व वैष्णवी ने मतदाता जागरूकता पर भोजपुरी गीत सुनाकर सभी का ध्यान आकृष्ट किया। कक्षा 10 की छात्रा लवी अग्निहोत्री ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मतदाता जागरूकता से लोकतंत्र के बारे में जानने का अवसर मिलता है। मतदान हमारा नैतिक दायित्व है। आईटीआई के छात्र दिव्यांशु पाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश बदलना है तो वोट करना है। मतदान देश में बिना हिंसा के क्रांति ला सकता है। कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी ने नये वोटर्स को इपिक कार्ड वितरित किये। उन्होंने 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं में माला पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र व शाल देकर सम्मानित किया। इन मतदाताओं को मिष्ठान भी जिलाधिकारी ने अपने हाथों से दिया। उनके द्वारा दिव्यांग मतदाताओं को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया तथा माल्यार्पण कर व शाल उढ़ाकर सम्मानित किया गया। मतदाता पुनरीक्षण में अच्छा कार्य करने वाले सुपरवाइजर व बीएल को जिलाधिकारी ने मंच पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपनी प्रस्तुतियां देने वाले विद्यालय के छात्र छात्राओं को भी जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। उपनिदेशक कृषि ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन मनीष व श्वेता ने किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद प्रसाद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहतास कुमार, उपनिदेशक कृषि डॉ नन्दकिशोर, उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार, उप जिलाधिकारी तान्या सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# इंजीनियरिंग संकाय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार 25 जनवरी को कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने मतदान अधिकार के महत्व को समझाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत नोडल अधिकारी डॉ. ज्ञानेंद्र पाल द्वारा शिक्षकों और छात्रों को लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने की शपथ दिलाकर हुई। उन्होंने सभी को निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण मतदान की गरिमा बनाए रखने और धर्म, जाति, वर्ग, भाषा या किसी अन्य प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करने की प्रतिज्ञा दिलाई। विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रांत भटेजा ने कहा कि मतदान न केवल एक अधिकार है, बल्कि यह लोकतंत्र की बुनियादी संरचना को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने युवाओं को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि यह अधिकार उनके भविष्य को आकार देने में सहायक है।

कार्यक्रम ने वक्ताओं ने सभी को अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया और निष्पक्ष मतदान के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाएंगे और जागरूक नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। इस कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ. दिव्येंदु मिश्र, दिलीप यादव, पुनर्नेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. सुनील यादव, कृष्ण कुमार यादव, डॉ. प्रशांत यादव, मनोज यादव, सत्यम उपाध्याय, दीप्ति पांडे, अशोक यादव, प्रवीण पांडे और डॉ. संतोष यादव सहित विश्वविद्यालय के कई छात्र उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर ज्ञापन सौंपकर शहर को राष्ट्रीय औरअंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थान दिलाने की मांग

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर जौनपुर के नागरिकों ने निसार अहमद के नेतृत्व में शनिवार को जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र को ज्ञापन सौंपकर शहर को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थान दिलाने की मांग की है। जौनपुर में शाही किला, शाही पुल, झंझरी मस्जिद,



चार अंगुल मस्जिद, शाही जमा मस्जिद, अटाला मस्जिद और लाल दरवाजा जैसी ऐतिहासिक इमारतें स्थित हैं। ज्ञापन में पांच प्रमुख मांगें रखी गईं, जिनमें जौनपुर को राष्ट्रीय पर्यटन सर्किट में शामिल करना, स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं, ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण हेतु विशेष बजट, पर्यटन स्थलों पर आधुनिक सुविधाओं का विकास और राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार अभियान शामिल हैं। क्षेत्र की प्राचीन झीलें गूजर ताल और मनाग ताल की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण मुद्दा है, जो जलवायु परिवर्तन और सूखे की स्थिति से प्रभावित हैं। नागरिकों ने जेसिस से वाजिदपुर तक जौनपुर झील के सौंदर्यीकरण की भी मांग की है। साथ ही श्जौनपुर हेरिटेज वॉकश जैसी पहल की मांग की गई है, जिससे पर्यटकों को ऐतिहासिक स्थलों की बेहतर जानकारी मिल सके। सोशल फोरम ने इस दिशा में सहयोग का आश्वासन दिया है और मांगों को भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय तक पहुंचाने का अनुरोध किया है।

# बोर्ड बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी कि तनाव दूर करने व जिज्ञासाओं के लिए हेल्प डेस्क का गठन

अयोध्या। फरवरी माह मे हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षा मे शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के तनाव को दूर करने व उनके जिज्ञासाओं को बताने लिए शिक्षा विभाग द्वारा हेल्प डेस्क का गठन किया गया है।जहां पर विषय विशेषज्ञ की तैनाती की गई है।जो परीक्षार्थी इस बार हाई स्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में अगले माह शामिल हो रहे हैं।वे बोर्ड परीक्षा परीक्षा से संबंधित किसी भी समस्या को किसी भी जिज्ञासाओं को विशेषज्ञों से आसानी से पूछ सकते हैं।इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर पवन कुमार तिवारी व बोर्ड परीक्षा प्रभारी प्रदीप कुमार ने संयुक्त रुप से बताया कि परीक्षार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए हेल्प डेस्क पर काउंसलर हमेशा मौजूद रहेंगे।जिसमें प्रदीप श्याम रंजन प्रवक्ता मनोविज्ञान मोबाइल नंबर 9795524567, प्रीतम सिंह प्रवक्ता संस्कृत 9415966536,नितीश उपाध्याय प्रवक्त गणित 8869920298,दुर्गावती प्रवक्ता हिंदी 9450767061,पूनम राव प्रवक्ता अंग्रेजी 8808708897, आभा मिश्रा प्रवक्ता इतिहास 8840105576, अमित कुमार शर्मा प्रवक्ता भूगोल 8874883109,कृष्ण कुमार शुक्ल प्रवक्ता अर्थशास्त्र

8004884900,जीतेन्द्र कुमार यादव प्रवक्ता समाज शास्त्र 9452075158,दिनेश चन्द्र प्रवक्ता शिक्षा शास्त्र

9452650512,प्रवक्ता, तर्कशास्त्र श्याम चन्द, मुस्वरी खातून स०अ०. उर्दू,सुनील प्रवक्ता, भौ०विज्ञान सुबह 9रू00 से शाम 3रू00 तक मौजूद रहेंगे।उन्होंने बताया कि इनके साथ साथ वागीशा यादव प्रवक्ता,रसा०विज्ञान, जगप्रसाद मौर्य प्रवक्ता, जीव विज्ञान,अनिल कुमार मिश्र स०अ०, संगीत,अनिल कुमार प्रवक्ता, वाणिज्य,ओम प्रकाश वर्मा प्रवक्ता कला व कल्पना वर्मा स०अ०, गृह विज्ञान भी परीक्षार्थियों के बोर्ड संबंधी जानकारी तथा उनकी परेशानियों को दूर करेंगी।

# काशी विद्यापीठ में अगले सप्ताह से कॉपियों का होगा मूल्यांकन

वाराणसी, (संवाददाता)। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध वाराणसी समेत पांच जिलों के कॉलेजों में सात जनवरी से चल रही परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन अगले सप्ताह से होगा। जिलेवार बने नोडल सेंटर में जमा कॉपियां विश्वविद्यालय आने लगी हैं। परीक्षा विभाग ने मूल्यांकन संबंधी तैयारियां भी तेज कर दी हैं। सोनभद्र, मिर्जापुर, भदोही, चंदौली जिले में बीए, बीएससी, बीकॉम तृतीय सेमेस्टर और पंचम सेमेस्टर की परीक्षा 7 जनवरी से चल रही है। इसमें दो लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हैं। पांच जिलों में बनाए गए 227 केंद्रों पर तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 जनवरी तक सुबह 10 बजे 12 बजे तो पंचम सेमेस्टर की परीक्षा 20 फरवरी तक दोपहर 1 से 3 बजे तक करवाई जाएगी। हालांकि अभी परीक्षा चल ही रही है, इस बीच मूल्यांकन की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा ने बताया कि जिलेवार बने केंद्रों पर जैसे–जैसे परीक्षा खत्म हो रही है, वैसे–वैसे कॉपियां भी मंगवाई जा रही हैं। अगले सप्ताह से मूल्यांकन की तैयारी है। परीक्षकों की सूची तैयार करने सहित सभी औपचारिकताएं पूरी करवाई जा रही हैं। परीक्षा के साथ परिणाम में पारदर्शिता लाने के लिए पॉलिटेक्निक सेमेस्टर की कॉपियों का डिजिटल मूल्यांकन शुरू हो गया। सभी कॉपियों की जांच और फरवरी तक परिणाम जारी करने की तैयारी है। प्राविधिक शिक्षा परिषद ने सभी राजकीय और अनुदानित प्रधानाचार्यों को दिशानिर्देश जारी किया है। निदेशालय स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रधानाचार्य नियंत्रक, जबकि एक अन्य अधिकारी उपनियंत्रक होंगे। हर परीक्षक को 100 कॉपियां आवंटित की गई हैं। कम से कम 50 कॉपियों का डिजिटल मूल्यांकन जरूरी है। ऐसा न करने पर तय दिवस का मानदेय नहीं दिया जाएगा। व्यवस्थापक को प्रतिदिन 500 रुपये मिलेंगे। उपनियंत्रक को 400, परीक्षक को प्रति कॉपी 15 रुपये दिए जाएंगे। गेट मैन और सफाई कर्मचारी को प्रतिदिन 50 रुपये दिए जाएंगे। राजकीय महिला पॉलिटेक्निक सुंदरपुर के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने बताया कि डिजिटल मूल्यांकन केंद्र के अंदर किसी भी परीक्षक और अधिकारियों को मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है। विषय समेस्टर परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो गया है। फरवरी के पहले सप्ताह में परिणाम जारी करने की तैयारी की है।

# एसकेडी एकेडमी ने उत्साहपूर्वक राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर, एसकेडी एकेडमी ने आज जागरूकता बढ़ाने एवं बालिकाओं को सशक्त और शिक्षित करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा और एक भावपूर्ण नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी क्षेत्रों में बालिकाओं के समर्थन की आवश्यकता को उजागर किया। एसकेडी ग्रुप के निदेशक मनीष सिंह ने विद्यार्थियों और स्टाफ को संबोधित करते हुए बालिकाओं के विकास में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने एकेडमी की उस प्रतिबद्धता को दोहराया, जो बालिकाओं को उनके सपने पूरे करने के लिए एक सहायक और समावेशी वातावरण प्रदान करती है। इस कार्यक्रम में उप–निदेशिका निशा



सिंह और सहायक निदेशिका (शैक्षणिक) कुसुम बत्रा की उपस्थिति ने इसे और खास बनाया। उन्होंने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किए। एसकेडी एकेडमी हर बच्चे या छात्र को एक ऐसा वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां वे अपने पूर्ण सामर्थ्य तक पहुंच सकें। एकेडमी का मानना है कि आज की बालिकाओं को सशक्त बनाकर, हम एक मजबूत और समान समाज का निर्माण कर सकते हैं।

# प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में हुआ थाना समाधान दिवस का आयोजन'

'रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव'

'पाली–(हरदोई)' शनिवार को पाली थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय ने की। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। थाना परिसर में आयोजित



थाना समाधान दिवस में कुल 10 शिकायतें मिली। सभी शिकायतें राजस्व से संबंधित थीं जिनमें से मात्र 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागीय कर्मचारियों को शिकायती पत्रों को सौंप दिया गया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाये और उन्हें समय के अन्दर ही गुण –दोष के आधार पर जांच करके निस्तारित किया जाये। राजस्व से जुड़े मामलों में पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम के साथ मौके पर जाँच कर निस्तारित किये जायें साथ ही उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति को पारदर्शी न्याय दिलाना हम सबका कर्तव्य है। इस मौके पर उपनिरीक्षक ओंकार सिंह, उपनिरीक्षक अनिल दुबे,राजस्व निरीक्षक, लेखपाल समेत फरियादी मौजूद रहे।

# सृष्टि के मंच पर नृत्य- गायन के साथ गूंजी वाद्ययंत्रों की धुन, युवा कलाकारों ने जीता दिल

वाराणसी, (संवाददाता)। बीएचयू कृषि विज्ञान संस्था के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव सृष्टि का बृहस्पतिवार से आगाज हुआ। इस दौरान कलाकारों ने मंच पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। नृत्य की प्रस्तुति पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वाद्ययंत्रों की सुमधुर तान ऐसी कलाकारों ने छेड़ी कि हर कोई गीत गुनगुनाने लगा। आकर्षक डिजाइन में रंगोली भी बनाई। अमर उजाला इस समारोह का मीडिया पार्टनर है। शताब्दी कृषि सभागार को अंदर से बाहर तक रंग बिरंगे कागजों से लेकर बत्तियों से आकर्षक सजावट भी की गई थी। इसमें युवा कलाकारों का उत्साह देखने लायक था। पहले दिन नाटक द हिडेन डेविल्स से आंतरिक संघर्षों पर प्रकाश डाला। इसके अलावा वाद विवाद में प्रतिभागियों ने अलग–अलग विषयों पर पक्ष और विपक्ष में अपनी बातों से साहित्यिक प्रतिस्पर्धा दिखाई। रंगोली प्रतियोगिता में आकर्षक डिजाइनों का प्रदर्शन किया। इस दौरान संस्थान के शिक्षकों ने इसकी सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कविता रही, क्योंकि पक्षियों की आवाज की तरह ही कविता के शब्द जैसे ही सभागार में गूंजे, तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सभी ने कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान उर्वशी तिवारी स्वरचित कविता के साथ प्रथम पुरस्कार विजेता बनी। इसमें अनुप्रास, बिंब और लय के उपयोग ने एक जीवंत चित्र चित्रित किया, जिसने उनके प्रदर्शन को असाधारण बना दिया। दर्शकों को उनकी गीतात्मक यात्रा और उनके काम की कलात्मक प्रतिभा ने मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद हार्दिक राय ने हिंदीरू भारत की राष्ट्र भाषा पर कविता में दूसरा पुरस्कार जीता। यह बताया कि हिंदी को भारत में एकता की ताकत के रूप में मनाया और साथ ही अन्य भाषाओं की विविधता का सम्मान किया। नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति में कलाकारों ने भरतनाट्यम, कथक, कथकली, ओडिसी और अन्य जैसे पारंपरिक भारतीय नृत्य रूपों की सुंदरता और सटीकता का प्रदर्शन किया। रैंप वॉक में रंग बिरंगे परिधानों के साथ मंच पर उतरकर सभी का दिल जीत लिया। कृषि विज्ञान संस्थान के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव सृष्टि 2025 का उदघाटन निदेशक प्रो. यूपी सिंह ने किया। इस दौरान छात्र सलाहकार प्रो. अमिताव रक्षित,चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसके सिंह और एसोसिएट डीन ऑफ स्टूडेंट्स प्रो. निशात अफरोज (छात्र विकास) ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना की। समारोह में अश्मित पटेल की देशभक्ति कविता तारिक गवाई देगी के माध्यम से श्रोताओं के दिलों को झकझोर दिया। इसके बाद वाद्य यंत्रों के प्रदर्शन के साथ शुरू हुआ।

# उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए अच्छा प्लेटफार्म

लखनऊ, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो (यूपीआईटीईएक्स) 2025 का बृहस्पतिवार को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन यूपी स्टेट चौप्टर पीएचडीसीसीआई की ओर से मिनिस्ट्री ऑफ एमएसएमई, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, इन्वेस्ट यूपी और ओडीओपी के सहयोग से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हो रहा है। यह 23 से 27 जनवरी तक चलेगा। इसमें प्रदेश व देश के विभिन्न व्यापारियों ने लगभग 300 से ज्यादा स्टॉल लगाए हैं। इसका उद्घाटन प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने किया। उन्होंने पीएचडीसीसीआई को 120 वर्ष पूरे करने पर बधाई दी। कहा, उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए यह अच्छा प्लेटफार्म है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेसवे हैं। सेवानिवृत्त आईएएस और मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा, वर्तमान में सरकार प्रदेश के उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। एमएसएमई और निर्यात संवर्धन विभाग के सचिव प्रांजल यादव ने कहा, इस तरह के एक्सपो से उद्यमियों को मार्केट मिलता है। पीएचडीसीसीआई के सीईओ और महासचिव, डॉ रंजीत मेहता ने कहा, पीएचडीसीसीआई 120वीं वर्षगांठ मना रहा है। यूपीआईटीईएक्स 2025 राज्य की औद्योगिक क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर ले जाने का एक ऐतिहासिक प्रयास है। इस मौके पर राजेश निगम सह अध्यक्ष, स्टेट चौप्टर, पीएचडीसीसीआई, विवेक अग्रवाल सह अध्यक्ष, यूपी राज्य चौप्टर, पीएचडीसीसीआई, सुदीप गोयनका प्रबंधा निदेशक, शुभम गोल्डी मसाले, पंकज कुमार मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, अतुल श्रीवास्तव शामिल रहे। एक्सपो में विभिन्न कंपनियों के करीब 300 स्टॉल लगे हैं। इनमें ऑटो मोबाइल कंपनियों से लेकर, खाद्य पदार्थ, वस्त्र, फुटवेयर, फर्नीचर, सब्जी मसाला, मेवा आदि शामिल है।

# पॉलिगॉन लैब्स ने जिओ प्लेटफार्म्स लिमिटेड के साथ अपनी पहली साझेदारी की घोषणा की

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

कानपुर। जिओ की नवोन्मेषी टीम द्वारा विकसित, अब जिओस्फीयर में पॉलिगॉन लैब्स च्वै द्वारा संचालित नैटिव वॉलेट का समावेश किया गया है, जहां जिओकॉइन स्थित होंगे। यह वेब3 क्षमता को जिओ के पारिस्थितिकी तंत्र में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह सिर्फ शुरुआत है, कई परिवर्तनकारी उत्पाद पाइपलाइन में हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि जिओस्फीयर वर्तमान में एप स्टोर पर सबसे अधिक डाउनलोड किया जाने वाला एप्लिकेशन है, जो इस नवाचार के पैमाने और प्रभाव को दर्शाता है। इस सहयोग से भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होता है, जो वेब3 क्रांति में वैश्विक नेतृत्व की क्षमता को प्रदर्शित करता है। पॉलिगॉन की अभिनव ब्लॉकचेन तकनीक को जिओ के पारिस्थितिकी तंत्र में एकीकृत करने से विकेन्द्रीकृत समाधानों को व्यापक रूप से अपनाने का मार्ग प्रशस्त होता है, जिससे देशभर में लाखों उपयोगकर्ताओं को सशक्त किया जाता है। इस परिवर्तनकारी साझेदारी के केंद्र में आश्वरी गुप्ता हैं, जो कानपुर के एक छोटे से शहर से आए थे और जिनका सपना था कि वे एक बड़ा प्रभाव डालें। शहरी जीवन की जटिलताओं को समझते हुए, आश्वरी आज पॉलिगॉन लैब्स में ग्लोबल हेड ऑफ पेमेंट्स के रूप में कार्यरत हैं और वे वेब3 के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अतिरिक्त जानकारी या सवालों के लिए, हम आपको उनसे संपर्क करवा सकते हैं।

# राजकीय पॉलीटेक्निक के दीक्षांत समारोह में 45 मेधावियों को मिला ज्ञान का प्रमाणपत्र

लखनऊ, (संवाददाता)। राजकीय पॉलिटेक्निक का शुक्रवार को चौथा दीक्षांत समारोह का आयोजित हुआ। इस दौरान अलग–अलग विभाग के 45 मेधावी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्राविधिक शिक्षा परिषद के महानिदेशक अविनाश कृष्ण सिंह ने कहां कि यहां से उपाधि लेने वाले विद्यार्थियों के कंधों पर अब भविष्य को उज्जवल बनाने की जिम्मेदारी है, इसीलिए जितनी लगन के साथ यहां पर पढ़ाई किए हैं उसी लगन के साथ अपनी कौशल को समाज बदलने के लिए देंगे। आज के दौर में तकनीकी शिक्षा की मांग बढ़ गई है। इसीलिए हर विद्यार्थी को चाहिए कि वह तकनीकी ज्ञान जरूर हासिल करें ताकि, किसी भी क्षेत्र में जाएं तो उन्हें रोजगार और नौकरी के लिए भटकना न पड़े। महानिदेशक ने कहा कि चार बिंदु पर विद्यार्थियों को जोर देना चाहिए। ज्ञान, नौकरी, सेवा और संस्कार इसी के जरिए समाज व देश का भविष्य बदलेगा। संस्थान के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंह ने उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले को बीस साल की कैद

लखनऊ, (संवाददाता)। किशोरी का बार–बार अपहरण कर दुष्कर्म करने के दोषी अनुज आर्या उर्फ डब्बू को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश कमरुज्जमा खान ने बीस साल की कैद और पचास हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। पीड़िता के पिता ने पांच मार्च 2022 को आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अनुज अपने भाई अभिषेक और पिता अरविंद के साथ 22 नवंबर 2021 को किशोरी को बहलाकर अपने घर ले गया और 24 नवंबर को भेज दिया। इसके बाद 12 दिसंबर को भी उसे अगवा किया और 15 दिसंबर को भेज दिया। इस दौरान पीड़िता से दुष्कर्म किया गया। वह गर्भवती हो गई थी।

# चौड़ी होगी डीएम दफ्तर के सामने वाली सड़क

लखनऊ, (संवाददाता)। जाम से जूझने वाली डीएम कार्यालय के सामने वाली राजा नवाब अली सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। यहां से अतिक्रमण भी हटाया जाएगा। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बृहस्पतिवार को मौके का निरीक्षण किया। नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अफसरों से जल्द से जल्द कार्ययोजना देने के लिए कहा। इस सड़क पर ज्यादातर समय जाम की स्थिति रहती है। इसकी बड़ी वजह सड़क किनारे होने वाली पार्किंग है, जिसमें कचहरी से जुड़े लोगों के वाहन खड़े होते हैं। मंडलायुक्त ने अफसरों से कहा कि सड़क चौड़ी कर साइड में स्लोब बनाएं। इसी पर वाहन खड़े करवाएं। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह को निर्देशित किया कि सड़क के किनारे से अतिक्रमण हटवाने के लिए टीम बनाएं। यह भी सुनिश्चित करें कि एक बार अतिक्रमण हटवाने के बाद दोबारा वैसी स्थिति न बने। ऐसा होता है तो अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करें।

# जिला पंचायत अध्यक्ष को राहत, हाईकोर्ट ने कार्रवाई पर लगाई रोक

लखनऊ, (संवाददाता)। उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने जिला पंचायत अध्यक्ष आरती रावत को राहत देते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई पर शुक्रवार तक रोक लगा दी है। याची के अधिवक्ता ने बताया कि डीएम लखनऊ की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने बिना नोटिस दिए कार्रवाई की थी ।

# निजी अस्पतालों को हर हाल में देनी होगी कैशलेस चिकित्सा, इनकार किया तो तत्काल खत्म होगी संबद्धता



लखनऊ, (संवाददाता)। प्रदेश में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान) के तहत संबद्ध निजी अस्पतालों की मनमानी पर रोक लगाने की नई रणनीति अपनाई गई है। किसी भी अस्पताल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में रुपये मांगे अथवा इलाज से इनकार किया तो तत्काल उसकी संबद्धता खत्म की जाएगी। ऐसे मामलों की रोकथाम के लिए गोपनीय तरीके से भी जांच शुरू कराई गई है। इस संबंध में प्रदेशभर के निजी अस्पतालों को नोटिस भेजते हुए चेतावनी दी गई है। सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्साधिकारियों को भी निगरानी रखने के लिए कहा गया है। प्रदेश में पीएमजेएवाई के तहत पंजीकृत सरकारी एवं निजी अस्पतालों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के लाभार्थियों को उपचार नहीं देने की शिकायतें शासन तक पहुंची है। कहीं इलाज शुरू करने से पहले रुपये मांगे जा रहे हैं तो कहीं योजना में पंजीयन होने के बाद भी इलाज से इनकार किया जा रहा है। ऐसे में स्टेट एजेंसी फॉर कंप्रेहेंसिव हेल्थ एंड इंट्रीग्रेटेड सर्विस (साजीच) की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. पूजा यादव ने पंजीकृत सभी अस्पतालों के प्रबंधकों एवं प्रबंध समिति को नोटिस भेजा है। इसमे सख्त चेतावनी दी है कि योजना के लाभार्थियों को न सिर्फ उपचार दिया जाए बल्कि योजना के बारे में जागरूक भी किया जाए। किसी ने इलाज से इनकार किया अथवा नगद धनराशि ली तो यह समझा जाएगा कि संबंधित अस्पताल योजना में कार्य करने का इच्छुक नहीं है। ऐसे में तत्काल उसकी संबद्धता खत्म कर दी जाएगी।

**दर्जनभर के खिलाफ शुरू हुई जांच**

विभागीय सूत्रों की मानें तो विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने करीब 13 निजी अस्पतालों के खिलाफ शिकायत की है। ये अस्पताल एजेंसी के रडार पर हैं। इनकी दो स्तरीय जांच शुरू की गई है। एक तो शिकायत के आधार पर संबंधित शिकायतकर्ता और अस्पताल प्रबंधन का पक्ष लेकर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। दूसरी तरफ शिकायतों की वास्तविकता का अध्ययन करने के लिए गोपनीय तरीके से भी जांच टीम उतारी गई है।

**कितने अस्पतालों पर हुई कार्रवाई**

प्रदेश में आयुष्मान के तहत पंजीकृत किए गए।

समस्त जनपद वासियों प्रदेश वासियों को 76 वे गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

मानसिक, नस, मिर्गी, सिरदर्द नशा एवं यौन (सेक्स) रोग विशेषज्ञ
24/7 Emergency Services
डा. उत्तम कुमार गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (न्यूरो साईकियाट्रिस्ट)
Ex. Ass. Professor-UCMS



परामर्श का दिन व समय
प्रत्येक दिन
प्रातः 09 बजे से सायं 08 बजे तक
रविवार- प्रातः 08 बजे प्रातः 10 बजे तक
सायं 06 बजे से रात्रि 08 बजे तक
भदोही का पता - मनोरोग सेन्टर
चौरी रोड ब्लाक के सामने, भदोही
(प्रत्येक रविवार - प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मरीज भर्ती की सुविधा उपलब्ध
निम्नलिखित बिमारियों का सफल इलाज
• सिरदर्द, अधकपारी (Migraine), मिर्गी (Epilepsy), झटका एवं बेहाशी • घबराहट, बेचैनी, चिन्ता (Anxiety) • मन दुखी, उदास रहना, आत्महत्या का विचार आना (Depression) • चिड़चिड़ापन, गुस्सा, ज्यादा बोलना, बिना बात खुश रहना (Mania) • शक करना, डर लगना, अजीब व्यवहार करना (Schizophrenia) • मन में एक ही बात बार–बार आना, एक ही काम को बार–बार करना (OCD) • नींद की समस्या (Insomnia), नस (Neuro) से सम्बन्धित रोगों का इलाज • याददाश्त कमजोर होना (Dementia) • शराब या अन्य किसी प्रकार का नशा (Addication) वैवाहिक एवं सेक्स सम्बन्धी समस्याएँ • बच्चों में व्यवहार की समस्याएँ (ADHD Conduct disorder etc)
मंगल क्लीनिक
वाजिदपुर तिराहा, जौनपुर
मो.- 9196128735, 9307913300, 9026405011

समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



विजय प्रकाश श्रीवास्तव
अधिवक्ता, जनपद न्यायालय, जौनपुर एवं विधिक सलाहकार - देश की उपासना समाचार पत्र
मोबाइल नंबर- 9450619319

समस्त जनपद वासियों प्रदेश वासियों और समस्त स्टाफ व विज्ञापन दाताओं को 76 वे गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं।



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव
हिंदी दैनिक देश की उपासना

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त अयोध्या एवं देश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



डॉ. तपन चौधरी
जनरल फिजीसियन
सहनवा (अयोध्या)

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



पास्टर सतीश चन्द्र कनौजिया
पूर्व जिला सचिव शिवसेना एवं A•N•M अयोध्या उत्तर प्रदेश
मो -9161821043

समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



BHEEM BRIGADE TRUST
न्याय व अधिकार की जंग आओ मिलकर लड़े आप और हम
राजीव जोली खोसला
राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम ब्रिगेड ट्रस्ट
मोबाइल नंबर - 9811970394

समस्त जनपदवासियों प्रदेशवासियों व कॉलेज के समस्त स्टाफ को 76 वे गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



डॉ. प्रमोद कुमार श्रीवास्तव
प्रधानाचार्य
बी. आर. पी. इंटर कॉलेज जौनपुर
प्रदेश मंत्री
उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ

समस्त जनपद जौनपुर वासियों तथा प्रदेश वासियों को 76 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं।
अशोक कुमार श्रीवास्तव
आर.टी.ओ.कार्यालय
जौनपुर, उत्तर प्रदेश

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
उप निबंधक सदर
आशीष कुमार पाण्डेय
मो - 9628090226

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, जौनपुर

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2025 के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद परिवार की ओर से जौनपुर नगरवासियों से पालिका निम्नलिखित अपील करती हैः–

1– गृहकर, जलकर व जलमूल्य का भुगतान 31 मार्च 2025 से पहले पालिका को करते हुए छूट का लाभ उठायें।
2– दुकानों, होटलों, रेस्टोरेन्ट, नार्सिंग होम, हास्पिटल पर देय किराया व लाईसेन्स शुल्क की अदायगी समय से पालिका में करें।
3– अपने–अपने घरों से निकलने वाले दैनिक कूड़ों को समय से निर्धारित स्थल व कूड़ेदान में फेंकें, इधर–उधर तितर–वितर न करें। झाड़ू लगने के पश्चात कुडा व कचरा कदापि सड़कों व पटरियों पर न फेके, अपने दुकानों व प्रतिष्ठानों के सामने कूड़ादान अवश्य रखें।
4– सड़क, पटरियों, नालियों व नालों पर किसी प्रकार का स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण न करें।
5– पर्यावरण को स्वच्छ बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगायें।
6– जन्म–मृत्यु का पंजीकरण 21 दिवस के भीतर नगर पालिका में अवश्य करायें।
7– अपने घरो के पेयजल नल की टोटी को खुला न छोडकर पेयजल का अपव्यय न करें। खुली टोटी पाये जाने व जल का अपव्यय करने हेतु पाये जाने पर नियमानुसार सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।
8– नगर में लगे स्ट्रीट लाईट व विद्युत उपकरणों को क्षति व नुकसान से बचायें।
9– प्रतिबन्धित पॉलिथिन, थर्माकोल, दोहरा चायनीज मंझे के खरीद, बिक्री, स्टोरेज व उपयोग वर्जित है, इसका उपयोग कदापि न करे, यह गम्भीर अपराध है पकड़े जाने पर जुर्माना भरना पड़ेगा।
10– देय करों गृह कर एवं जलकर का भुगतान समय से करें तथा आनलाईन करें
11– डोर–टू–डोर कूडा कलेक्शन में नगर पालिका कर्मियों का सहयोग करें।
12– शौचालय का प्रयोग करें। खुले में शौच कदापि न करें, इससे बिमारी फैलती है।

| (पवन कुमार) | समस्त मान्य सभासद | (मनोरमा मौर्या) |
| --- | --- | --- |
| अधिशासी अधिकारी | नगर पालिका परिषद, | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद, जौनपुर | जौनपुर | नगर पालिका परिषद, जौनपुर |

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।